हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .1 डिग्री

12 गन्ना किसानों को बड़ी राहत मिल प्रबंधन ने किया पूरा …



12 100 व 200 मीटर दौड़ में परवीन कुमार ने मारी बाजी ..



## खबर संक्षेप

### दो युवकों ने किशोरी से की छेड़छाड़, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी में बाइक सवार दो युवकों ने नाबालिग लड़की को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी दोनों युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी अभी पंडित व यश बक्शी उसकी लड़की का पीछा कर उसे काफी दिनों से परेशान कर रहे थे।

### एनआईटी के छात्र के शव का हुआ पोस्टमार्टम

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में तेलंगाना के छात्र ने गत सोमवार को फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक स्टूडेंट की पहचान अंगोद शिवा (19) पुत्र चंदू निवासी महेशवरी गांव जिला रंगारेड्डी तेलंगाना के रूप में हुई। शिवा एनआईटी के होस्टल-3 के कमरा नंबर 228 में रहता था। शिवा एनआईटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कर रहा था। वह फर्स्ट सेमेस्टर का स्टूडेंट था। शिवा के साथ उसके रूम में हरियाणा के दो युवक रहते थे। मृतक का मंगलवार को एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम हाऊस में पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम हाऊस पर मृतक के परिजन भी मौजूद रहे। मृतक के चाचा श्रीनू ने शिवा की मौत मामले में एनआईटी प्रशासन पर ठीक से जानकारी नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है।

### बिजली तार चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-3 टीम ने बिजली तार चोरी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक जंगशेर की अध्यक्षता में आरोपी राहुल उर्फ दीपक निवासी गांव हैबतपुर जिला करनाल, कमल निवासी गांव डीग थाना पुंडरी जिला कैथल तथा बिट्टू निवासी गांव रायसन दयानगर थाना निगदू जिला करनाल के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया।

### चोरों ने सूने घर से चुराए लाखों रुपये के आभूषण

**यमुनानगर।** चोरों ने फरकपुर थाना क्षेत्र की बुटर विहार कॉलोनी में सूने घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण तथा घर में रखे पांच मोबाइल चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य बेटे की शादी के लिए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में गए हुए थे। वापस लौटे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की बुटर विहार कॉलोनी निवासी राम भरोसा ने फरकपुर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है।

### बिजली निगम के कंप्लेंट सेंटर से सामान चोरी

**यमुनानगर।** यूएचबीवीएन छछरौली के सबडिवीजन पर तैनात रामकुमार ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने एचएसआईआईडीसी मानकपुर में स्थित कंप्लेंट सेंटर में घुसकर हजारों रुपये का बिजली का सामान चोरी कर लिया। सुबह जब वह कंप्लेंट सेंटर पर पहुंचे तो उन्हें वहां से सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब 35 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नशा तस्कर हेरोइन सहित गिरफ्तार

**करनाल।** नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल की सीआईए असंध ने एक सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी हरप्रीत पुत्र कुलदीप सिंह,निवासी गांव रोड, को काबू किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन नशीला पदार्थ बरामद की गई। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

एनएचएआई पर समझौते के बावजूद सर्विस रोड नहीं बनाने का आरोप

## रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर डटे किसान

*किसान बोले-मांग पूरी होने तक धरने पर डटे रहेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान ने कहा कि प्रशासन किसानों की सुध नहीं ले रहा है। जिससे किसानों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या को हल करने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। साथ ही उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही किसानों के हक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो किसान आर-पार की लड़ाई लडऩे को मजबूर होंगे। श्याम सिंह मान मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में गांव सोहाना के पास चल रहे करनाल रिंग रोड पर धरने को संबोधित कर रहे थे। किसानों का धरना मंगलवार को 12वें दिन में प्रवेश कर गया। करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर किसान लगातार संघर्षरत हैं। आज धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता सतबीर मंढाण गढ़ीबीरबल ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जिन्होंने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर अपना रोष जाहिर किया।



**करनाल।** रिंग रोड पर सर्विस लेन बनाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए किसान।

### श्याम सिंह मान ने किसानों का हौसला बढ़ाया

आज धरने पर विशेष रूप से पहुंचे प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान ने आंदोलनकारी किसानों का हौसला बढ़ाते हुए जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला। श्याम सिंह मान ने बताया कि इस पूरे आंदोलन की विस्तृत रिपोर्ट भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान को सौंपी जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली में प्रस्तावित बैठक को ध्यान में रखते हुए 18 फरवरी को प्रस्तावित हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा। उसी के आधार पर आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी सर्विस लेन की मांग पूरी नहीं होती। तब तक उनका धरना और आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर सतीश कुमार रिंडल, कृष्ण चंद नंबरदार, राजेंद्र कुमार, बिट्टू सांगवान, महिंद्र सिंह मंढाण, सुरेंद्र सांगवान, किरण पाल शर्मा, करनैल शर्मा, भीम सिंह, जोगिंद्र सिंह, दीपक बदरहण, मनीष बदरहण, देवेंद्र सांगवान, वेदपाल सांगवान, ईश्वर शर्मा, विनोद सांगवान, विक्रम, मनीष बदरहण, रमेश शर्मा, राम कुमार, राज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## चाकू दिखाकर पार्षद की मां के गले से ओम का लॉकेट छीना

*पूरी घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस खंगाल रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के वार्ड नंबर दो में सोमवार देर शाम एक बुजुर्ग महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई है। बदमाश ने चाकू दिखाकर महिला के गले से ओम का लॉकेट छीन लिया और मौके से फरार हो गया। पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वार्ड नंबर दो निवासी 85 वर्षीय करिश्नी देवी सोमवार शाम अपने बेटे, वार्ड पार्षद बलिंद्र सिंहमार, की दुकान से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह गली में पहुंचीं, पीछे से आए एक युवक ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि युवक ने चाकू दिखाकर उनके गले में पहना ओम का लॉकेट छीन लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने चाकू से लॉकेट का धागा काटकर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। घटना से सहमी बुजुर्ग महिला ने तुरंत इसकी जानकारी अपने बेटे पार्षद बलिंद्र सिंहमार को दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वारदात के बाद पूरे वार्ड में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में पिछले कुछ समय से चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।



करिश्नी देवी

बिना नंबरों की बाइक शहर में सरेआम घूम रही

### प्रो. सोमनाथ ने किया लॉ फेस्ट की विवरणिका का अनावरण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा आयोजित होने जा रहे लॉ फेस्ट अभियुदय 2026 की विवरणिका का औपचारिक अनावरण कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर विधि विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति जैन, प्रो. महाबीर सिंह, डॉ. पूजा सहित विद्यार्थियों की कोर कमेटी के सदस्य भी शामिल हुए। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विधि विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए आयोजन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## नशा तस्कर को सात साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज-कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी इदल पुत्र रिसाल सिंह निवासी लौढा बस्ती, समालखा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा दी। दोषी इदल पर 75 हजार रुपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी इदल के को एक साल का अतिरिक्त कर कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि इदल को एनडीपीएस स्टाफ पानीपत पुलिस की टीम ने तीन मई सन 2019 को 16.500 किग्रा गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं पुलिस की एनडीपीएस सेल के एएसआई धर्मवीर की शिकायत पर आरोपी इदल पर थाना चांदनी बाग में 20-एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी से बरामद मादक पदार्थ की खेप को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया था। जबकि अदालत ने आरोपी इदल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था।

## पोल्ट्री फार्म के विरोध में पलाका के ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र के पलाका के ग्रामीणों ने गांव में पोल्ट्री फार्मा बनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। मौके पर उन्होंने सरकार से उनके गांव में बनाए जा रहे पोल्ट्री फार्म का निर्माण कार्य बंद करवाए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व गांव के सरपंच बलबीर सिंह ने किया।

पलाका के सैंकड़ो ग्रामीण सरपंच बलबीर सिंह, रंजीत सिंह पंच व शिवकुमार पंच आदि के नेतृत्व में गांव में एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों पर गांव में कथित रुप से पोल्ट्री फार्म बनाए जाने का आरोप लगाया। मौके पर पलाका के सरपंच बलबीर सिंह, रंजीत सिंह पंच, शिवकुमार पंच, प्रियंका पंच, दिव्य रानी पंच, रमेश नंबरदार, जागीर सिंह व तेजपाल आदि ने बताया कि कुछ महीनो पहले गांव के नजदीक बकाना मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा फीड मिल का बोर्ड लगाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। अब ग्रामीणों को पता चला है कि निर्माणाधीन स्थल पर फीड मिल के स्थान पर पोल्ट्री फार्म बनाया जा रहा है। जिसकी जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त, एसडीएम रादौर, प्रदूषण विभाग व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को इस बारे शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने परेशान होकर धरना प्रदर्शन कर सरकार को चेताने का काम किया। अब यह लड़ाई आर पार की होगी।



**यमुनानगर।** गांव पलाका में प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### नियमों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी

यदि अब भी सरकार द्वारा पोल्ट्री फार्म के निर्माण को नहीं रोका गया तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करेंगे। उधर, धरना प्रदर्शन स्थल पर बीडीपीओ सिमरन भटनागर व प्रदूषण विभाग की ओर से एसडीओ विक्रम सिंह ने पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले को लेकर जिला उपायुक्त को इस बारे रिपोर्ट देकर मामले की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी।

## अल्प्राजोलम नशीली गोलियों के मामले में दूसरा आरोपी भी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस की सीआईए-2 ने एक और सफलता हासिल की है। आरोपी मोहम्मद सरफराज निवासी तमूरशाह,शामली यूपी को काबू किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में पहले आरोपी अमर निवासी गांव सोकड़ा,करनाल को तरावड़ी के एरिया से काबू किया गया था, जिसके कब्जे से 1065 अल्प्राजोलम नशीली गोलिया व साथ में एक मोटर साइकिल बरामद की गई थी। जिसके खिलाफ थाना तरावड़ी में मुकदमा नंबर 39/2026, एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसको न्यायालय के सामने पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया गया था। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह इन नशीली गोलियो को उसके अन्य साथी मोहम्मद सरफराज से खरीदकर लाया था। जिसे जांच इकाई द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया।

## मकान बेचने के नाम पर व्यक्ति से हड़प लिए पांच लाख रुपये

**यमुनानगर।** शहर के ईस्ट भाटिया नगर में मकान बेचने के नाम पर दपंत्ति द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी दंपत्ति ने मकान का सौदा करके ईस्ट भाटिया नगर मदनपुरी निवासी बलविंद्र सिंह से पांच लाख रूपये हड़प लिए और रजिस्ट्री न करवाकर दस्तावेजों में हेरफेरी की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बलविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकांयत में बताया कि ईस्ट भाटिया नगर निवासी राजविंद्र कौर व उसके पति संतोख सिंह ने उससे संपर्क किया और अपना 102.5 वर्ग गज का मकान बेचने की बात कही। यह मकान राजविंद्र कौर के नाम था। आरोपियों की बातों पर विश्वास कर उसने आठ जुलाई 2023 को उक्त मकान के संबंध में 51 लाख रुपए में एग्रीमेंट टू सेल किया और उसी दिन पांच लाख बयाना दे दिए।

### निजी अस्पताल में बुजुर्ग महिला की मौत के बाद सोने की बालियां गायब

**यमुनानगर।** शहर के निजी अस्पताल में बुजुर्ग महिला की मौत के बाद उसके कानों से सोने की बालियां गायब मिली। परिजनों ने जब अस्पताल में शिकायत की तो अस्पताल प्रशासन ने एक कर्मचारी पर बालियां चुराने का आरोप लगाया मगर अभी तक बालियां वापस नहीं की। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की रघुनाथ पुरी कॉलोनी निवासी धीरज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 71 वर्षीय मां कृष्णा शर्मा लंबे समय से बीमार चल रही थी। 10 दिसंबर 2025 को उन्हें अचानक सांस लेने में दिक्कत हुईए तो वह उसे शहर के कन्हैया साहिब चौक स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें वेंटिलेटर पर भर्ती कर लिया। धीरज ने बताया कि अस्पताल स्टाफ ने मां के कानों में सोने की बालियां देखकर उन्हें निकालने के लिए कहा था।

## कुरुक्षेत्रः सब्जी मंडी के किनारे पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**कुरुक्षेत्र।** कृष्णा गेट थाना पुलिस के अंतर्गत नई सब्जी मंडी के किनारे पेड़ से लटका एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सफाई कर्मचारियों ने इ सकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सीन आफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया और सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया है। सब्जी मंडी की दीवार के साथ लगते गंदे नाले के पास एक पेड़ से लटका शव मिला। सुबह सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा एक व्यक्ति पेड़ से लटका हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना कृष्णा गेट थाना पुलिस को दी। शव दीवार के साथ फंसा हुआ था।



एक पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि की जाती है प्रदान

## विज्ञान के क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले चार वैज्ञानिकों को 'राजीब गोयल पुरस्कार' से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की गोयल अवार्ड कमेटी ने राजीब गोयल पुरस्कार की घोषणा कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल अवार्ड आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को 45 वर्ष से कम आयु के चार प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को प्रतिष्ठित राजीब गोयल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की। इन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले युवा वैज्ञानिकों में डॉ. गोपीनाथ पैकिरिसामी, इंडियन इंस्ट्टियूट ऑफ टैक्नॉलॉजी, रूड़की (एप्लाइड साइंसेज), डॉ. देबब्रत मैती, इंडियन इंस्ट्टियूट ऑफ टैक्नॉलॉजी, मुम्बई (केमिकल साइंसेज), डॉ. (सुश्री) दुर्बा पाल, इंडियन इंस्ट्टियूट ऑफ टैक्नॉलॉजी, रोपड़ (लाइफ साइंसेज) तथा डॉ. स्मराजित कर्माकर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, हैदराबद (फिजिकल साइंसेज) शामिल हैं। इन नामों की घोषणा करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, जो गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए ज्ञान-विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



डॉ. गोपीनाथ डॉ. देबब्रत मैती डॉ. दुर्बा पाल डॉ. स्मराजित कर्माकर

### आयोजन समिति के सदस्य

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु व गोयल अवार्ड आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो. सोमनाथ सचदेवा हैं। सह-अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह प्रोफेसर एमेरिटस, उपाध्यक्ष प्रोफेसर हरि सिंह प्रोफेसर एमेरिटस, उपाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील ढींगरा, डीन, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय व समिति के सदस्य प्रो. एनके माटा, प्रोफेसर एमेरिटस, जियोफिजिक्स विभाग के प्रो. दिनेश कुमार, कैमिस्ट्री विभग के प्रो. संजीव अरोड़ा, फिजिक्स विभाग के प्रो. संजीव अग्रवाल, कैमिस्ट्री विभाग की डॉ. संगीता सैनी हैं। जूलोजी विभाग की प्रो. अनिता भटनागर गोयल पुरस्कार आयोजन समिति की संयोजक हैं।

### वैज्ञानिकों के कार्यों की सराहना की

प्रत्येक राजीव गोयल पुरस्कार में एक पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाती है। डोनर नामित सदस्य एवं आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह ने चयनित वैज्ञानिकों के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि डॉ. गोपीनाथ पैकिरिसामी ने बायोमेडिकल नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, जो लक्षित कैंसर उपचार की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। डॉ. देबब्रत मैती ने ट्रांजिशन मेटल कैटेलिस्ट के माध्यम से नवीन सिंथेटिक पाथवे विकसित किए हैं और उनका शोध विश्व की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुआ है। डॉ. दुर्बा पाल टाइप-2 डायबिटीज पर केंद्रित एक प्रख्यात रोग जीवविज्ञानी हैं। वहीं, स्वर्ण जयंती फेलो डॉ. स्मराजित कर्माकर ने ग्लास फॉर्मेशन पर विशेष ध्यान देते हुए डिसऑर्डर्ड सिस्टम के गुणों की समझ को समृद्ध किया है।

अकबरपुर गांव के पास हादसा

## खड़े ट्रक से टकराने पर बाइकर्स की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

नारायणगढ़-कालाअंब मार्ग स्थित अकबरपुर गांव के पास सोमवार सुबह सड़क हादसे में बीएससी के छात्र की मौत हो गई। छात्र की पहचान तंदवाल गांव के हार्दिक (21) की मौत हो गई। हादसे के समय वह बाइक पर चंडीगढ़ की एक निजी कंपनी में साक्षात्कार देने जा रहे थे। रास्ते में ही सड़क किनारे टायर फटने के कारण एक ट्रक खड़ा था। अंधेरा होने व रिफ्लेक्टर न लगाने के कारण हार्दिक की बाइक ट्रक के पीछे जा टकराई। पुलिस ने ट्रक चालक बरेली निवासी सुभाष पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के चाचा जगबीर सिंह ने बताया कि हार्दिक चंडीगढ़ में एक साक्षात्कार के लिए जा रहा था। उन्हें भी किसी काम से कालाअंब जाना था। दोनों अलग-अलग बाइक पर निकले थे।

सुबह करीब 5:30 बजे अकबरपुर गांव के पास पेट्रोल पंप से थोड़ा आगे पहुंचे तो सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। अंधेरा होने के कारण ट्रक न दिखने पर हार्दिक बाइक सहित पीछे टकरा गया। हादसे में हार्दिक के सिर व मुंह पर गंभीर चोटें आईं व अत्यधिक खून बहने से मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। हार्दिक दो बड़ी बहनों का इकलौता भाई था। पिता की एक साल पहले मौत हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी काबू

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-2 टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी को काबू किया है। सीआईए 2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक देवी दयाल सिंह की अध्यक्षता में टीम ने आरोपी अमृत निवासी गांव झंझाड़ को काबू किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा .315 बोर बरामद किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना सदर,करनाल में आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किए गया हैं। मामले में आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सीजेएम ने जागरूकता वैन को किया रवाना

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व पी.आर.नाथ, सुरिन्द्र सिंह मान, एम.डी.डी.आफ इंडिया के सौजन्य से 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने जिलावासियों को कैंपेन बारे जागरूक करने के लिए वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सीजेएम डा. इरम हसन ने बताया कि 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिसंबर माह से मार्च माह तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### चाकू दिखाकर महिला के गले से छिना सोने का लॉकेट

**करनाल।** शहर के वार्ड नंबर दो में सोमवार देर शाम एक बुजुर्ग महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई है। बदमाश ने चाकू दिखाकर महिला के गले से ओम का लॉकेट छीन लिया और मौके से फरार हो गया। पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वार्ड नंबर दो निवासी 85 वर्षीय करिश्नी देवी सोमवार शाम अपने बेटे, वार्ड पार्षद बलिंद्र सिंहमार, की दुकान से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह गली में पहुंचीं, पीछे से आए एक युवक ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि युवक ने चाकू दिखाकर उनके गले में पहना ओम का लॉकेट छीन लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने चाकू से लॉकेट का धागा काटकर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया।

### कल्याण का आधार है सत्यम, शिवम, सुंदरम : डॉ नैन

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने कहा कि सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् ही विश्व कल्याण का आधार है। इसके मद्देनजर हर नागरिक को सत्य व कल्याण की राह पर चलते हुए मानवता की सेवा करनी चाहिए। डॉ नैन, गांव मदीना के मंदिर में भगवान शिव के त्रिशूल व भगवान शनि देव की मूर्ति की स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद का ध्येय विश्व में सनातन चेतना, सांस्कृतिक गौरव, आत्मबोध को जागृत करना है। वहीं, सनातन संस्कृति "वसुधैव कुटुम्बकम्" और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे महान मूल्यों का संदेश विश्व को दे रही है। उन्होंने दावा किया कि सनातन संस्कृति के संस्कार, सहिष्णुता और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।

### चीनी मिल को बनाएंगे आत्मनिर्भर : उपायुक्त

**पानीपत।** पानीपत सहकारी चीनी मिल के प्रशासकीय मंडल की बैठक मंगलवार को उपायुक्त एवं मिल के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में हुई। वहीं, बैठक में 11 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डॉ. दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिल के संचालन, वित्तीय सुदृढ़ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्णयों को लागू किया जाए। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सहकारी शुगर मिल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## शौचालय की खराब स्थिति पर मेयर ने अधिकारियों को दिए मरम्मत के निर्देश

# गुणवत्ता से समझौता नहीं, तय समय सीमा में पूरा करें कामः सुमन बहमनी

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने शहर के हाउसिंग बोर्ड पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण करते हुए मेयर सुमन बहमनी व पार्षद प्रियांक शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को जगाधरी के सेक्टर-17 स्थित हाउसिंग बोर्ड पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने यहां बने सार्वजनिक शौचालय की खराब स्थिति को देख तुरंत अधिकारियों से बात की और शौचालय की मरम्मत करवाने का एस्टीमेट बनवाने के निर्देश दिए।

निगम की मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से पार्क में पौधरोपण करने, बैठने की व्यवस्था, पाथवे, लाइटिंग और साफ सफाई से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समय पर निस्तारण होना चाहिए और इसके लिए विभागीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों, सामुदायिक स्थलों और सार्वजनिक परिसरों में चरणबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार की ओर से क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं को लागू किया जा रहा है। मेयर ने अधिकारियों को काम में तेजी के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर कमल कोचर व गीता कपूर आदि मौजूद रहें।

### पार्क स्वास्थ्य व मनोरंजन के मुख्य केंद्र

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि पार्क केवल हरियाली का स्थान नहीं है। बल्कि नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। सुबह शाम पार्क में लोग व्यायाम, दौड़ और पैदल चाल के आते है। जो स्वास्थ्य के लिए काफी जरूरी है। इसके अतिरिक्त पार्कों में बुजुर्ग व्यक्ति शांति से समय व्यतीत करने के लिए भी आते है। ऐसे में इनके विकास में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए। मेयर और पार्षद ने पार्क में आए स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने पार्क की नियमित साफ सफाई व शौचालय की स्थिति को लेकर अपनी शिकायतें रखीं। मेयर सुमन बहमनी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए।

## स्वच्छता के लिए स्वच्छ आदतों को जीवन में अपनाएं : दुर्गेश



**यमुनानगर।** बैठक में स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए निगम के आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार।

- स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम की टीम ने नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

नगर निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत जगाधरी के सेक्टर 18 स्थित हिंदू सनातन मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों की बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता निगम के आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार ने की।

आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार ने बैठक में नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों को गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण, घर घर कचरा अलग अलग रखने, नियमित सफाई अपनाने तथा स्वच्छ आदतों को दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाए जाने के लिए आहवान किया। ताकि यमुनानगर व जगाधरी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर प्रदर्शन कर सके। बैठक के दौरान नागरिकों ने भी स्वच्छता से जुड़े अपने सुझाव सांझा किए और नगर निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता प्रयासों की सराहना की।

## संस्थानों में अधिक से अधिक प्रशिक्षुओं को करें अवसर प्रदानः नवीन आहूजा

- आत्मनिर्भर शिक्षुता समिति के सदस्यों की जिला सचिवालय में आयोजित हुई बैठक
- प्रतिष्ठान में शिक्षुता संबंधित समस्या को तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर




**यमुनानगर।** बैठक में दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

जिला सचिवालय में आत्मनिर्भर शिक्षुता समिति की सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि शिक्षुता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑन बोर्डिंग प्रक्रिया तथा प्रतिष्ठानों को आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने समिति सदस्यों को निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रतिष्ठान को शिक्षुता से संबंधित कोई समस्या है तो उसे तत्काल प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए। ताकि उसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे अपने अपने संस्थानों में अधिक से अधिक प्रशिक्षुओं को अवसर प्रदान करें। जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके तथा उद्योगों को उनकी आवश्यकता अनुसार कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने शिक्षुता को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम बताते हुए सभी से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यमुनानगर के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह सांगवान ने अतिरिक्त उपायुक्त का मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद किया । उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षुता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। मौके पर एमएसएमई के संयुक्त निदेशक विश्व प्रताप सिंह आहलुवालिया, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, जिला न्यायवादी धर्मचंद, प्लाईवुड एसोसिएशन के अध्यक्ष जेके बिहानी आदि मौजूद रहे।

### गुरु नानक कॉलेज में एनईपी पर हुई कार्यशाला

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में चल रहा सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम मंगलवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान नई एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत क्वालिटी एजुकेशन के लिए फैकल्टी को मजबूत बनाने पर विचार प्रस्तुत किए गए।

वेलेडिक्टरी सेशन में टेक्नोलॉजी को मॉडर्न पेडागॉजी के एक बदलाव लाने वाले पिलर के तौर पर हाईलाइट किया गया। जिसमें डिजिटल टूल्स, ब्लेंडेड लर्निंग मॉडल्स और एआई इनेबल्ड टीचिंग प्रैक्टिस पर फोकस किया गया। सेशन की शुरुआत डॉ. वर्षा निगम ने की। इसके उपरांत लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा के डॉ. परमिंदर सिंह ने हायर एजुकेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. कैथरीन मसीह ने कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 में स्टूडेंट सेंट्रिक, रिसर्च ड्रिवन और एक्सपीरिएंशियल टीचिंग प्रैक्टिस को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया।

## रोडवेज कर्मचारियों की मानी गई मांगों को जल्द पूरा करे सरकारः सौदे

- डिपो प्रधान महीपाल सौदे ने मांगे पूरी नहीं किए जाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर




**यमुनानगर।** गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए डिपो प्रधान महीपाल सौदे।

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन डिपो यमुनानगर (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) से जुड़े रोड़वेज कर्मचारियों ने सरकार द्वारा मानी गई मांगे लागू नहीं किए जाने के विरोध में मंगलवार को डिपो परिसर में गेट मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा मानी गई मांगो को लागू नहीं किए जाने पर रोष जताया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान महीपाल सौदे ने की। वहीं, मंच संचालन डिपो सचिव राजेश कांबोज ने किया।

डिपो प्रधान महीपाल सौदे ने कहा कि सरकार द्वारा उनकी कई मांगे मानी गई थी। लेकिन इन मांगो को अभी तक लागू नहीं किया गया। जिसे लेकर रोड़वेज कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि गेट मीटिंग में चालको परिचालकों का रात्रि ठहराव भत्ता केवल 15 रात्रि ठहराव डिपो स्तर पर कर दिए जाने पर भी रोड़वेज कर्मचारियों ने विरोध जाताय है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विभाग हित मे नही हैं। क्योंकि सभी डिपो में सभी मार्गों अनुसार स्टाफ उपलब्ध नही हैं। जिन मार्गो पर स्टाफ उपलब्ध नही हैं वह 15 रात्रि ठहराव के बाद बंद होने के कगार पर पहुंच जाएंगे। जिससे विभाग को राजस्व के रूप में नुकसान होगा और आम जनता, विद्यार्थी परिवहन सेवा से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने रोड़वेज महाप्रबंधक से यमुनानगर डिपो में नई गाड़ियां मंगवाई जाने की मांग की। ताकि विभाग को राजस्व हानि व आम जनता परिवहन सेवा से वंचित न रह सके। डिपो प्रधान महीपाल सौदे ने सरकार से रात्रि ठहराव संबंधित आदेश पत्र को वापस लिए जाने, दो वर्ष से रात्रि ठहराव के बकाया पड़े का भुगतान किए जाने, चालकों व परिचालकों के ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को तुरंत प्रभाव से वापस लिए जाने समेत अन्य मांगो को तुरंत पूरा किए जाने की मांग की। मौके पर नंद लाल कांबोज, गुलाब सिंह, बृजभूषण व राज कुमार आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

- तीन बार नोटिस भेजने के बावजूद नहीं पास कराया नक्शा व बिल्डिंग प्लान, प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** कृष्णा कॉलोनी में अवैध भवन गिराती नगर निगम की जेसीबी

नगर निगम ने शहर की कृष्णा कॉलोनी में बिना नक्शा व बिल्डिंग प्लान पास भवन को उपायुक्त प्रीति एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशों पर ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस बल व नगर निगम की टीम द्वारा यह कार्रवाई करवाई गई। कार्रवाई से पहले नगर निगम द्वारा भवन मालिक को तीन बार नोटिस भेज चूका था। बावजूद इसके भवन मालिक ने न तो उसका नक्शा पास कराया और न ही बिल्डिंग प्लान। जिसके बाद अवैध रूप से बने भवन को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए। इस कार्रवाई के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता डॉ. विनीत कुमार जैन को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में सहायक नगर योजनाकार दर्शन लाल, भवन निरीक्षक प्रशांत राणा तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारियों की टीम बनाई गई। साथ ही महिला एवं पुरुष पुलिस बल को भी मौके पर तैनात किया गया। ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में जैसे ही जेसीबी मशीन ने कार्रवाई शुरू की तो मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सहायक नगर योजनाकार दर्शन लाल ने कहा कि बिना नक्शा स्वीकृत कराए व बिल्डिंग प्लान पास कराए किया गया निर्माण अवैध है। बिना नक्शे के भवन बना रहे मालिक को नगर निगम द्वारा तीन बार नोटिस देकर चेताया गया था। इसके बावजूद भवन मालिक ने न तो निर्माण का नक्शा पास कराया और न ही बिल्डिंग प्लान को स्वीकृति ली।

### स्वीकृत मामलों को पोर्टल पर करें अपडेटः डीसी



**यमुनानगर।** कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेती जिला उपायुक्त।

**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में मंगवार को जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी डीएलसीसी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त प्रीति द्वारा की गई। बैठक का आयोजन सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा तथा उद्यमियों के आवेदनों के समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। बैठक में उपस्थित औद्योगिक संघों के अध्यक्षों में पवन सोनी, राज सलूजा, समीरा सलूजा, एपीएस भट्टी तथा जेके बिहानी शामिल रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में मैजूद उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग 45 दिवस की सेवा स्तरीय समझौता एसएलए अवधि का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने स्वीकृत मामलों को ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल अपडेट करने के निर्देश भी दिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे । इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ जसविंदर सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### आज होगा जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन

**रादौर।** आरकेवीवाई योजना के अंतर्गत फसल विविधीकरण 2025-26 के तहत बुधवार 18 फरवरी को जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कस्बा रादौर के रॉयल गार्डन पैलेस में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद होंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि किसान मेले में कृषि एवं किसान कल्याण के उपनिदेशक आदित्य प्रताप डबास के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को कृषि के विषय में चल रही योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा। केंद्र सरकार किसानों के हित में योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है।

## श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंग में ग्रैंड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया

# बुजुर्ग हमारे जीवन की अमूल्य धरोहरः मनीषा

कार्यक्रम में छात्रों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपने दादा-दादी के प्रति प्रेम व सम्मान प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



**रादौर।** श्यामा पब्लिक स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य।

श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंग में ग्रैंड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा ने बताया कि कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता एवं नाटिका के माध्यम से अपने दादा दादी के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और वातावरण भावनाओं से सराबोर हो उठा। विशेष आकर्षण के रूप में दादा दादी के लिए रोचक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पिंकी गुप्ता, उमेश गुप्ता, शमा गुप्ता, सुदर्शन आचार्य, गीता, माया देवी, सुदेश अग्रवाल, विनोद पुजारा, ममता, विमला देवी, महिपाल व कंवर देवी विजेता बने। विजेताओं को स्मृतिचिन्ह एवं पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर कुछ दादा दादियों ने अपने जीवन अनुभव सांझा करते हुए बच्चों को संस्कार और अनुशासन का महत्व बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज और राष्ट्र की सच्ची प्रगति संभव है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बुजुर्गों के आदर-सम्मान पर बताते हुए कहा कि सभी बच्चों को अपने बुजुर्गों की निस्वार्थ सेवा करनी चाहिए और हमेशा अपने माता पिता व बुजुर्गों का कहना मानना चाहिए। कार्यक्रम में प्रेम,सम्मान और पारिवारिक मूल्यों की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर ज्योति नागपाल व शानिली ग्रोवर समेत सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्वराज पब्लिक स्कूल में मनाया गया पितामह दिवस



**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में मंगलवार को पितामह दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में दादा-दादी एवं नाना-नानी का सम्मान करते हुए उनके प्रति आदर और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का वातावरण स्नेह, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधन के सदस्य प्रमोद बंसल, अजय शर्मा, रेनू शर्मा, प्रधानाचार्य पूजा जॉली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा जॉली कालरा ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके संस्कार, अनुभव, आशीर्वाद से ही बच्चों का व्यक्तित्व सशक्त व संस्कारित बनता है। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

## खबर संक्षेप



### महाभारत अनुभव केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के प्रयासों से शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं महाभारत के ऐतिहासिक महत्व से परिचित करवाने के उद्देश्य से महाभारत अनुभव केंद्र, ज्योतिसर का शैक्षणिक भ्रमण 28 जनवरी 2026 से निरंतर जारी है। इस शैक्षणिक यात्रा में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। मंगलवार को विद्यार्थियों ने महाभारत अनुभव केंद्र का भ्रमण किया। जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक इस कार्यक्रम की सतत निगरानी एवं मार्गदर्शन कर रहे हैं, ताकि यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### कुंटिया की वार्षिक आम सभा की बैठक 24 को

कुरुक्षेत्र। कुंटिया कार्यकारिणी की बैठक प्रधान राजवंत कौर की अध्यक्षता में कुंटिया कार्यालय में संपन्न हुई। कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर ने बताया कि बैठक में कुंटिया कार्यकारिणी द्वारा आगामी कुंटिया चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से पारित किया गया कि कुंटिया की वार्षिक आम सभा की बैठक 24 फरवरी 2026 दिन मंगलवार को की जाएगी। जिसमें कुंटिया द्वारा पूरे वर्ष का लेखा-जोखा रखा जायेगा और कुंटिया चुनाव का शैडूयल आम सभा की सहमति से जारी किया जाएगा।

### बैठक में विवि की वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट पारित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सोमवार को विश्वविद्यालय की कोर्ट की बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट पारित की गई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग की ओर से तैयार की गई 450 पृष्ठों की वार्षिक रिपोर्ट में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, शोध, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में रही उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है।

### कल डीएवी स्कूल में लगेगा हेल्थ शिविर

**पिहोवा।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से 19 फरवरी को डीएवी पब्लिक स्कूल में विशाल हेल्थ शिविर लगाया जाएगा। इसे लेकर सांसद कार्यालय की टीम की ओर से जोरों से प्रचार किया जा रहा है। सांसद के हल्का प्रभारी जीत राम ने बताया कि सुबह 10 बजे से चार बजे तक लगने वाले इस कैंप में नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दांतों की जांच, स्त्री रोग, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, किशोरी दीदी वैन के माध्यम से एनीमिया जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 48 विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा 4 करोड़ 11 लाख का बजट : सुधा

# थानेसर के 20 गांवों में विकास की रफ्तार तेज, पक्के होंगे खेतों के रास्ते

## मुख्यमंत्री खेत खलिहान सड़क योजना से किसानों को बड़ी राहत

**खास बातें**

1. 25 किलोमीटर तक खेतों के कच्चे रास्तों को ईंटों से पक्का किया जाएगा
2. पूर्व राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हलका के 20 गांवों में 48 विकास कार्यों पर 4 करोड़ 11 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस बजट से खेतों को जाने वाले रास्ते को ईंटों के साथ पक्का किया जाएगा। यह विकास कार्य प्रदेश सरकार की खेल खलियान रास्ता योजना के तहत किया जा रहा है। इन विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार भी व्यक्त किया है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मंगलवार को देर सायं कार्यकतार्ओं से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत खलिहान सडक योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्तों को पक्का करना है। इस योजना के तहत, हर विधानसभा क्षेत्र में 25 किलोमीटर तक खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा। इस योजना का लाभ किसानों को मिलेगा, जिन्हें अपने खेतों तक जाने में आसानी होगी। इसके अलावा, यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को भी बढ़ावा देगी।



कुरुक्षेत्र। परियोजना का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री सुभाष सुधा।

### ये कार्य किए जाएंगे

उन्होंने कहा कि ईशाकपुर रोड से कुआं मान सिंह तक ईंट रास्ते का निर्माण, चंदन के खेत से शिशपाल चौहान के खेत तक बी.ओ.ई. रास्ते का निर्माण और प्रदीप नम्बरदार के खेत से सुभाष चौहान के खेत तक बीओई रास्ते का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह लुखी रोड से मोहिंदर सिंह के खेत तक ईंट रास्ते का निर्माण, मुख्य समसपुर रोड से सुमित्तर सिंह के खेत तक ईंट रास्ते का निर्माण और मोती राम पंडित से बलविंदर सिंह पुत्र राज सिंह तक ईंट रास्ते का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि हीरा सिंह फिरनी से कुलविंदर (पूर्व पंच) की कृषि भूमि तक ईंट रास्ते का निर्माण, सरस्वती ड्रेन के पास से हंसराज के खेत तक ईंट रास्ते का निर्माण और रामसरन के खेत से अजमेर सिंह के खेत तक ईंट रास्ते का निर्माण किया जाएगा।

मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने मंडी एसो., खरीद एजेंसियों व मार्केट कमेटी स्टाफ की संयुक्त बैठक ली

## सीएम सैनी ने मंडियों में किसानों के हितों में लिए फैसले : गणेश



लाडवा। मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत करते मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंडियों में किसानों के हितों में कई बड़े फैसले लिए हैं। गेहूं के सीजन में किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए जाने की तैयारियां शुरू कर दी है। मंडी में गेहूं की खरीद, उठान सहित अन्य प्रबंधों को समय पर पूरा किया जाएगा, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत, परेशानी ना हो। सरकार द्वारा सभी कार्यों को पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त मंगलवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस बैठक में मंडी एसोसिएशन, खरीद एजेंसियों और मार्केट कमेटी स्टाफ ने हिस्सा लिया। मंडी एसोसिएशन ने आढ़तियों, व्यापारियों और किसानों के हितों के लिए कई प्रकार की सुझावों को रखा और उन्हें पूरा करने की मांग की। बैठक में चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने खरीद एजेंसियों को कुछ आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में सीजन के दौरान खरीद केंद्र बढ़ाए जाने पर भी चर्चा की गई। चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मार्केट कमेटी को निर्देश दिए कि किसानों द्वारा मंडी में अपनी फसल को लाकर बेचने की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। फसल बिकने तक किसानों के ठहरने, पीने का पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

## फाइब्रोस्कैन जांच लीवर संबंधी बीमारियों का समय रहते पता लगाने में उपयोगी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- रोटरी क्लब ने सिद्धार्थ अस्पताल में लगाया नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन कैंप

रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में एक निशुल्क फाइब्रोस्कैन कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कैंप प्रसिद्ध फार्मा कंपनी सिप्ला के सहयोग से लगाया गया, जिसमें विशेषज्ञ टीम की देखरेख में कुल 102 मरीजों की जांच की गई। कैंप के संचालन में सिप्ला के प्रतिनिधि विशाल गुलाटी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि फाइब्रोस्कैन जांच लीवर संबंधी बीमारियों का समय रहते पता लगाने में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लीवर रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार के कैंप समाज के लिए बेहद आवश्यक हैं। रोटरी क्लब का उद्देश्य समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को लाभ पहुंचाना है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि क्लब भविष्य में भी स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर एवं जनहित से जुड़े अन्य कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने सिप्ला कंपनी और अस्पताल प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।




### सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर हुड्डा ग्राउंड नजदीक सेक्टर 10 मार्किट सेक्टर 7 के सामने कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कथा के प्रथम दिवस में आशुतोष महाराज की शिष्या कालिंदी भारती ने प्रभु की महिमा का बहुत ही भव्य प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि भगवान भाव के भूखे हैं। जो भी उन को भाव से पुकारता है तो वह पहुँच जाते हैं। समाज के कुछ प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि भगवान होते हुए भी कृष्ण ने प्रलयकारी महाभारत के युद्ध को रोका क्यों नहीं। भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के प्रलयकारी युद्ध को रोकने का हरसंभव प्रयत्न किया। युद्ध से पूर्व वह शांतिदूत बनकर गए। दुर्योधन जैसे दुराचारी को भी विनम्रतापूर्वक समझाया, आधे राज्य की जगह मात्र पांच गांवों में समझौता करने तक को तैयार हो गए।

## ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरूप ने शोभायात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी गांव अभिमन्युपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर में आयोजित महाशिवरात्रि महापर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बनखंडी महादेव पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ परमाध्यक्ष ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरूप ने किया। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व संसदीय सचिव जिले राम शर्मा ने की। इस अवसर पर ब्रह्मचारी ब्रह्मस्वरूप ने कहा कि बनखंडी महादेव सब पर कृपा करते हैं। यह बहुत ही ऐतिहासिक तीर्थ स्थल है। महाशिवरात्रि के पर्व पर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सम्मिलित होना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज विकास और धर्म उत्थान में योगदान देना संतों का परम कर्तव्य है। श्रीजयराम विद्यापीठ शिक्षा सेवा और सनातन धर्म तथा संस्कृति के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज उत्थान के कार्य के लिए श्रीजयराम विद्यापीठ कभी पीछे नहीं हटेगा। इस अवसर पर नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, अभिमन्युपुर के सरपंच गौरव जैलदार, समाजसेवी खरैती लाल सिंगला, नरेश बंसल, गौरांश सिंगला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विवेक भारद्वाज डब्बू, विक्रम श्योकंद, यशपाल राणा, बाबा विप्रदास आदि मौजूद रहे।





## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सैनी के नाम सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री आवास एवं कार्यालय सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान नरेश फूले ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार राज्य के सभी विधायकों को पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए ज्ञापन दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा जोकि लाडवा से विधायक भी है, को ज्ञापन सौंपने के लिए जिला कार्यकारिणी पहुंची और ज्ञापन के माध्यम से अपील की कि कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी पुरानी पेंशन बहाल की जाए। राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ मोनिका भारद्वाज ने बताया कि कर्मचारी एनपीएस और यूपीएस का पूर्ण रूप से विरोध दर्ज करवाते हुए इसे सिरे से नकार चुके है क्योंकि ना तो एनपीएस में और ना ही यूपीएस में कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित है अतः कर्मचारियों के लंबे संघर्ष को देखते हुए और उनकी सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाए। इस मौके पर जिला संरक्षक डॉ रविदत्त शर्मा, राज्य कार्यकारिणी आईटी सैल प्रभारी अनिल सैनी, कुलदीप शर्मा, यशपाल, अमरजीत पांचाल, धर्मवीर, राजेंद्र टंडन, राजपाल कालरा, विवेक धानिया, सतपाल सुलखनी, सुरेश मुकीमपुर, राजेंद्र जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

## श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर में हर-हर महादेव के उद्घोषों के साथ किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- विद्यापीठ में इस बार करीब 21 रुद्राभिषेक सम्पन्न करवाए गए

देश के विभिन्न राज्यों में संचालित जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर महादेव मन्दिर में स्थित विश्व के दुर्लभ स्फटिक मणि शिवलिंग को सजाया गया। श्रद्धालुओं एवं यजमान परिवारों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन व अभिषेक गया। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ का अदभुत सुंदर श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। श्रीजयराम विद्यापीठ में महाशिवरात्रि के अवसर पर अभिषेक एवं पूजन करने के लिए विदेश से भी अनेक श्रद्धालु पहुंचे। श्रीजयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भारतीय सनातन परम्परा के अनुसार श्रीजयराम विद्यापीठ के श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर में हर हर महादेव के उदघोष के साथ रुद्राभिषेक किया गया। राजेश सिंगला ने बताया कि इसी के साथ महाशिवरात्रि के अवसर पर निरंतर रुद्राभिषेक चलता रहा। विद्यापीठ में इस बार करीब 21 रुद्राभिषेक सम्पन्न करवाए गए। अभिषेक के समय जयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज, आचार्य प. प्रतीक शर्मा, कौशल गुलाटी, खरैती लाल सिंगला एवं सतबीर कौशिक इत्यादि भी मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यापीठ में शिव भक्तों को महाशिवरात्रि पर फलाहार का प्रसाद भी वितरित किया गया। महाशिवरात्रि के रुद्राभिषेक में केके कौशिक, कुलवंत सैनी, टेक सिंह, श्रवण गुप्ता, राजेंद्र सिंघल, सुरेंद्र गुप्ता, पवन गर्ग, कौशल गुलाटी, राजेश सिंगला, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक व जितेंद्र सहित अनेक श्रद्धालु रुद्राभिषेक में शामिल हुए।



### नवयुग स्कूल के विद्यार्थी मनन सडाना ने जेईई परीक्षा में प्राप्त किए 99.41 पर्सेंटाइल

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र के कक्षा द्वादश के छात्र मनन सडाना ने जेईई परीक्षा में 99.41 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा एवं प्रधानाचार्य देवेन्द्र अरोड़ा ने मनन को शील्ड प्रदान कर के उसका हौंसला बढ़ाया। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने मनन को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्र के लिए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। मनन की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, एकाग्रता और दृढ़ संकल्प का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कठिन परिश्रम और सुनियोजित तैयारी के बल पर यह मुकाम प्राप्त किया है।उन्होंने मनन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र अरोड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि समर्पण एवं अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा ने मनन की लगन और सतत प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाए की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका कोमल, स्मृति,स्नेह, गीता, रीमा, किरण, आदि रहे



## जेईई मेन्स में विद्यार्थियों ने लहराया प्रतिभा का परचम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की शैक्षणिक धरती ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। जेईई मेन्स 2026 के घोषित परिणामों में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के कुरुक्षेत्र केंद्र के 8 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशतांक से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस उपलब्धि से न केवल विद्यार्थियों के परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परिणामों में गुरप्रीत सिंह ने 99.90 प्रतिशतांक प्राप्त कर केंद्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। भौतिकी और गणित में उनका प्रदर्शन लगभग 99 प्रतिशतांक के साथ बेहद प्रभावशाली रहा।अन्य सफल विद्यार्थियों में नमन 99.87, मानस 99.60, पार्थ सिंगला 99.44, पनव अग्रवाल 99.37 भौतिकी में 100 पर्सेंटाइल, लक्ष्य कुमार 99.29, हर्षिता गोलेन 99.15 तथा शुभ 99.12 शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से सफलता की नई मिसाल पेश की। विद्यार्थियों ने भी अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर अभ्यास को दिया। गुरप्रीत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य आईआईटी से कंप्यूटर साइंस कर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवाचार करना है।




**कार्यक्रम** पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने एचपीएससी की भूमिका पर उठाए सवाल

# कुरुक्षेत्र में सद्भावना यात्रा को मिला जनसमर्थन

- 15 विधानसभा क्षेत्रों को कवर कर पहुंची यात्रा धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रदेश में सद्भावना यात्रा को जनता का पूरा समर्धन मिल रहा है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य आपसी भाई चारा व सद्भावना को बढ़ावा देना है उनकी ये यात्रा 15 विधानसभा हलकों को कवर करके ऐतहासिक धरा कुरुक्षेत्र धर्मनगरी में पहुंची है। धर्मनगरी में अलग ही ऊर्जा मिली है, क्योंकि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र देवों की भूमि है और यहीं से ही संघर्ष करके कई राजनैतिक पार्टियों का भविष्य तय हुआ है व पार्टियों को नई दिशा मिली है। वे मंगवलार को गुरु रविदास मंदिर में सद्भावना यात्रा का स्वागत करने के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर फैल हुई है। एचपीएससी की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को परीक्षा से खारिज किया जा रहा और प्रदेश से बाहर के लोगों को नौकरियां दी जा रही है जोकि प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की समस्या अहम है किसानों के साथ सर्कार कर कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने बुढ़ापा पेंशन व अन्य योजनाओं पर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ट्रेलर दिखाया था, कागजों में काम दिखाया जा रहा है जबकि धरातल पर काम शून्य हैं। उन्होंने मनरेगा को सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार ने मनरेगा का स्वरूप बदल दिया गया है।



कुरुक्षेत्र। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### प्रदेश में कानूनी व्यवस्था खराब

केंद्र सरकार मनरेगा का मजदूरों के कार्य का निर्धारण करेगा, इसका सीधा मतलब सरकारी योजनाओं से हाथ पीछे खींचा जा रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि लाड़ली योजना का लालच देकर लोगों से वोट हथिया लिया, बाद में इस योजना से लोगों के नाम हटा दिये। उन्होंने एक सवाल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के पंजाब दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि वे प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं ना कि पंजाब के। वे जिम्मेदारी वाले पद पर हैं, बार बार पंजाब जाना यहाँ के लोंगो के साथ खिलवाड़ है। प्रदेश में पार्टी में गुट बाजी के एक सवाल पर ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस का संगठन बन चुका है। एक दो जिले शेष हैं। सभी पार्टियों में मत भेद रहते है, सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही अछूती नहीं है। प्रदेश में कानूनी व्यवस्था बेहद खराब है कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है। धर्मनगरी भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। पुलिस का मनोबल गिरता जा रहा है। इससे पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री विरेन्द्र सिंह व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का श्रीगुरु रवि दास मंदिर में पहुंचने पर बलजीत सिंह, दलबीर सिंह मुंडे, राजेन्द्र मुंडे, बलदेव चीबा, मान सिंह ने फूल मालाओं समेत स्वागत किया। इस मौके पर एडवोकेट बिरेन्द्र सिंह, दर्शन बांगड़, कश्मीर तंवर, निशि गुप्ता कमलेश धीमान, रेनू मदान सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज कार चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सचिन कुमार व कार्तिक को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी लाल कुर्ती उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में परिवादी राजन ने 15 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि लाल कुर्ती बाजार के पास से आरोपी सचिन कुमार व कार्तिक ने उसकी कार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी हरकीरत उर्फ किरत को गिरफ्तार किया है। प्रबंधक थाना नग्गल ने बताया कि इस मामले में दरबारा सिंह ने 27 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 जून 2025 को गांव दौदपुर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ठगी का आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**अंबाला।** साइबर पुलिस ने मास्टर ट्रेडिंग के नाम व फर्जी आरबीके शेयर ब्रोकिंग वाले बनकर व फर्जी एप्प डाउनलोड करवाकर निवेश के नाम पर 8 लाख 92 हजार की ठगी करने के मामले में आरोपी शुभम बसंल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। साइबर पुलिस के उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला ने 10 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अज्ञात ने मास्टर ट्रेडिंग के नाम पर फर्जी एप्प डाउनलोड करवाकर, धोखाधड़ी से उससे 8 लाख 92 हजार की ठगी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### आमजन को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**शहजादपुर।** पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एनडीपीएस सैल की टीम ने थाना शहजादपुर क्षेत्र गांव धनाना में आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा नशा न करने बारे शपथ दिलाई। नियमों की पालना को लेकर प्रेरित किया।

# गन्ना किसानों को बड़ी राहत, मिल प्रबंधन ने किया पूरा भुगतान

## मिल प्रबंधन का आग्रह, किसानों को शुगर मिल में ही गन्ना सप्लाई करने के निर्देश, कोल्हू और क्रेशर में सप्लाई न करें गन्ना



शुगर मिल का दृश्य।

- चीनी मिल सारा गन्ना भुगतान करने में सक्षम रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

नारायणगढ़ चीनी मिल बनौंदी द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के तहत 14 जनवरी 2026 तक का गन्ना भुगतान किसानों को कर दिया गया है। मिल प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आगे भी गन्ना भुगतान सुचारू रूप से जारी रहेगा और चीनी मिल सारा गन्ना भुगतान करने में सक्षम रहेगी। शुगर मिल की सीईओ एवं एसडीएम शिवजीत भारती तथा यूनिट हैड वीके सिंह ने चीनी मिल से जुड़े सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वे अपना गन्ना कोल्हू क्रेशरों एवं अन्य चीनी मिलों में न डाले। किसान अपना सारा गन्ना चीनी मिल में ही सप्लाई करें ताकि चीनी मिल अधिक दिन लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रहे। इसके चलने से चीनी एवं बिजली का उत्पादन अधिक होगा और पेराई सत्र 2025-26 का पूर्ण गन्ना भुगतान करना सम्भव हो पाएगा।

**अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती**

एसडीएम भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा मिल प्रशासन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे अपना गन्ना कोल्हू क्रेशरों अथवा अन्य चीनी मिलों में न डालें। इससे मिल लंबे समय तक संचालित रहेगी जिससे चीनी एवं बिजली उत्पादन में वृद्धि होगी। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसानों के सहयोग से पेराई सत्र 2025-26 का संपूर्ण गन्ना भुगतान समयबद्ध रूप से पूर्ण कर दिया जाएगा।

**निरंतर प्रयासरत**

मिल के यूनिट हेड वीके सिंह ने कहा कि मिल की उत्पादन क्षमता पूरी तरह सक्षम है। गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता होने पर पेराई कार्य लंबे समय तक निरंतर चलाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गन्ना तौल, पर्ची वितरण एवं भुगतान प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि किसान और मिल एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि किसान अपना पूरा गन्ना मिल में सप्लाई करेंगे तो उत्पादन में निरंतरता बनी रहेगी। भुगतान प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी। मिल प्रशासन किसान हित में पूरी तरह प्रतिबद्ध है और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## बालकृष्ण बने स्पोर्ट्स ब्वॉय ऑफ द ईयर

# 100 और 200 मीटर दौड़ में परवीन कुमार ने मारी बाजी

**लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक एथलेटिक मीट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक एथलेटिक मीट–2026 का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा बीएड एवं डीएलएड के विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार सांगवान महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और टीम भावना का विकास करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक-प्रशिक्षुओं के लिए खेल गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण तथा भविष्य के शिक्षण जीवन में ऊर्जा और संतुलन बनाए रखने का सशक्त माध्यम हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेणु ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। खेल विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सहनशीलता, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, रिले रेस, कबड्डी, रस्साकशी सहित अनेक आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

**विजेताओं को किया सम्मानित**

100 मीटर दौड़ में परवीन कुमार ने प्रथम, बालकृष्ण ने द्वितीय तथा अरुण नौटियाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में परवीन प्रथम, बालकृष्ण द्वितीय और अरुण तृतीय स्थान पर रहे। थ्री लेग रेस प्रतियोगिता में अदिति एवं इंद्रा ने प्रथम, मीना एवं राजमीला ने द्वितीय तथा राखी एवं ईशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 'स्पोर्ट्स गर्ल ऑफ द ईयर' का खिताब इंद्रा को तथा 'स्पोर्ट्स बॉय ऑफ द इयर' का खिताब बालकृष्णन को प्रदान किया गया। दोनों विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल प्रभारी एवं समस्त स्टाफ सदस्यों के सहयोग से किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ। पूरे परिसर में देशभक्ति और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला।

## छात्रों को ब्रश करने की तकनीक से भी करवाया अवगत

# फ्री कैंप में 280 विद्यार्थियों के दांतों की चिकित्सकों ने की जांच

- दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

रोटरी क्लब द्वारा पब्लिक गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एमएम कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च मुलाना के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों के दंत स्वास्थ्य की विस्तार से जांच की गई।शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 280 बच्चों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही बच्चों को दांतों की सही देखभाल, नियमित ब्रश करने की विधि तथा दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। डा. सायमा अली ने बच्चों को बताया कि समय-समय पर दंत जांच और उचित साफ-सफाई से भविष्य में होने वाली गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों को दांतों की सफाई, मसूड़ों की देखभाल, नियमित ब्रशिंग और संतुलित आहार से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही बच्चों को दांतों की सफाई के सही तरीके भी सिखाए गए।



बराड़ा। बच्चों के दांतों की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित देखभाल से दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्ण छाबड़ा, उपाध्यक्ष बलकार सिंह, दिलप्रीत सिंह, साहिल वर्मा तथा गुणविंदर सिंह उपस्थित रहे। राजीव ने भी सहायक के रूप में शिविर के सफल संचालन में सहयोग दिया।रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर जारी रखेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# वाद्य यंत्र वादन में छात्रों ने पहले दिन दिखाया हुनर

- ांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में उमंग उत्सव का आयोजन

**शहजादपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रदेश सरकार के सौजन्य से सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में उमंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन कविता, रंगोली बनाना, वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई और प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों को दिखाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया।वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमनदीप व जतिन और द्वितीय स्थान गुरप्रीत व केवट राज भाटिया तथा तृतीय स्थान पर अभय रहे। कविता पाठ में बच्चों ने स्वरचित भावपूर्ण कविताओं से सभी का मन जीत लिया जिसमे प्रथम स्थान अंकिता,द्वितीय स्थान रीतिकेश और तृतीय स्थान मनप्रीत ने प्राप्त किया।

# सूरज विद्यालय का जेईई मेन्स परीक्षा में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल किए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची तैयार करने को लेकर दिए निर्देश

# 17 से 27 तक होगा मतदाता सूची का कार्य फिर प्रकाशित होगी फाइनल मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने कैंप कार्यालय में नगर निगम के चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूची तैयार करने को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसीयूटी राहुल कनवरिया, एएमसी दीपक सूरा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, एसडीएम दर्शन कुमार, सीइओ जिला परिषद् गगनदीप मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित नगर निगम के चुनाव के तहत शेडयूल जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची को लेकर जो कार्य किया जाना है वह नोटिफिकेशन व नियमों की पालना के अनुरूप तथा समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। उन्होंने यह भी मतदाता सूची के कार्य के लिए रिवाइजिंग ऑथोरिटी व सहायक ऑथोरिटी के तौर पर अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए है। साथ ही वीआईसीसी सेंटर भी चिह्नित कर लिए गए हैं। मतदाता सूची के कार्य के तहत 17 फरवरी से 27 फरवरी तक संबंधित चुनाव क्षेत्र में सभी वार्ड वाइज कार्य किए जाएगा।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**27 मार्च को मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन**

इसी प्रकार 28 फरवरी से 7 मार्च तक वीआईसीसी सेंटर पर आम नागरिकों द्वारा दावे व आपत्तियां दी जा सकती हैं। इनका निपटान 12 मार्च तक पुन निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। पुनः निरीक्षण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील दायर करनी है तो वह 16 मार्च तक उपायुक्त के समक्ष अपील दाखिल कर सकता है। दाखिल अपीलों का निपटान उपायुक्त द्वारा 19 मार्च तक किया जाना है। इसी प्रकार 27 मार्च को मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूचि के अंतिम प्रकाशन के बाद इसे जिला की ऑफिशियल वेबसाइट व नगर निगम की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने बैठक में स्पष्ट किया कि हमें मतदाता सूची का कार्य पूरी पारदर्शिता तरीके से करना ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार से कोई परेशानी न हो।

# जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित ने 99.89, उत्सव ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59 ने परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

# हादसे में दिव्यांग हुए बुजुर्ग को मिलेगा 10.13 लाख का मुआवजाः डॉ. अशोक

- एमएसीटी के मामले में अदालत ने बचाव पक्ष की दलीलों को किया खारिज

**अंबाला।** एमएसीटी (मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल) के एडीजे डॉ. अशोक कुमार की अदालत ने सड़क दुर्घटना का शिकार हुए 63 वर्षीय बुजुर्ग को 10.13 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया है कि वह याचिका दायर करने की तिथि से 9 प्रतिशत ब्याज के साथ ये राशि भुगतान करे। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने दलील दी कि ड्राइवर के पास खतरनाक सामग्री ढोने का वैध लाइसेंस नहीं था। अदालत ने पाया कि दुर्घटना के समय टैंकर खाली था इसलिए लाइसेंस में एंडोर्समेंट की कमी को पॉलिसी का उल्लंघन नहीं माना जा सकता। अदालत ने इलाज के लिए 3.11 लाख, भविष्य की आय के नुकसान के लिए 6.32 लाख और दर्द व अन्य खर्चों के लिए करीब 70 हजार निर्धारित किए। अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपी टैंकर चालक लखविंदर सिंह की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ इसलिए बीमा कंपनी मुआवजे की पूरी राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। साहा के दलजीत सिंह 11 अक्तूबर 2022 की सुबह करीब 8 बजे अपने काम से मोटरसाइकिल पर साहा चौक की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह रेड हट के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी।

# भारत-अमेरिका डील से कृषि व दुग्ध कारोबार होगा भारी नुकसानः भाकियू

- किसानों ने केंद्र सरकार के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला आग के हवाले किया

**अंबाला।** भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के बैनर तले मंगलवार को किसानों ने केंद्र सरकार और अमेरिका के बीच होने वाली व्यापारिक संधि के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साए किसानों ने जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोनों नेताओं के पुतले दहन किए। यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ होने वाली यह ट्रेड डील भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के लिए आत्मघाती साबित होगी। किसानों का कहना है कि विदेशी उत्पादों के भारतीय बाजार में आने से स्थानीय किसानों की कमर टूट जाएगी और उन्हें अपनी उपज के सही दाम नहीं मिलेंगे। प्रदर्शन के बाद किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि सरकार ऐसी किसी भी संधि पर हस्ताक्षर न करे जिससे देश के अन्नदाता के हितों को नुकसान पहुंचे। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

**अभियान** सुखपाल स्कूल के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की

# देवी मंदिर परिसर में विद्यार्थियों ने चलाया साफ-सफाई अभियान

- सामाजिक अभियानों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

गांव उगाला परिसर स्थित देवी मंदिर में सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिर परिसर की सफाई में अपना योगदान दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मंदिर के आसपास के क्षेत्र को साफ किया तथा कूड़ा-कचरा एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य न केवल मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाए रखना था, बल्कि बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी था। सफाई अभियान के उपरांत विद्यार्थियों ने भजन-कीर्तन एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण से मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन कमेटी के सदस्य बृजेश शर्मा, मुकेश जैन, राजेश जैन, नेत्रपाल जैन व अरविन्द जी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया तथा विद्यालय की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक अभियानों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और अन्य नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे परिसर में स्वच्छता एवं सामाजिक चेतना का संदेश प्रसारित हुआ।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि